# कार्यालय नगर पालिक निगम धमतरी, जिला–धमतरी (छ.ग.)

Website – www.nagarnigamdhamtari.com, Email ID – commissionerdhamtari@gmail.com, Phone/Fax No. 07722-241599

–:: मैन्युअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना ::–

क्रमांक / कार्य.अभि. / स्व.भा.मि. / निविदा / 2022 / 78 धमतरी, दिनांक 6 / 4 / 2022

02. निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि – 19 / 04 / 2022 कार्यालयीन समयावधि तक।
05. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि – 22 / 04 / 2022 कार्यालयीन समयावधि तक।
06. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि – 27 / 04 / 2022 कार्यालयीन समयावधि तक।
07. निविदा खोलने की तिथि – 28 / 04 / 2022 समय प्रातः 11.30 बजे।

नगर पालिक निगम धमतरी क्षेत्रांतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 अंतर्गत सफाई मित्र सुरक्षा चैलेज हेतु सेप्टिक टैंक सफाई हेतु सुरक्षा उपकरण सामाग्री क्रय हेतु निर्माताओं / अधिकृत विक्रताओं से निविदा प्रपत्र "B" में त्रि–लिफाफा पद्धति से मैनुअल निविदा स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है :–

| क्रं | कार्य का नाम | लागत राशि | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सफाई मित्र सुरक्षा चैलेज हेतु सेप्टिक टैंक सफाई हेतु सुरक्षा उपकरण सामाग्री क्रय। | 05.00 लाख रू. | 15000.00 | 750.00 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में निगम कार्यालय के स्वच्छता शाखा से प्राप्त की जा सकती है, तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग नवा रायपुर छ.ग. के वेबसाईट **www.uad.cg.gov.in** तथा निगम के वेबसाईट **www.nagarnigamdhamtari.com** में अवलोकन एवं डाउनलोड भी की जा सकती है।

**(आयुक्त महोदय द्वारा अनुमोदित)**

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम धमतरी

**पृ.क्रमांक / कार्य.अभि. / स्व.भा.मि. / निविदा / 2022 / 79** धमतरी, दिनांक 6 / 4 / 2022

**प्रतिलिपि –**

01. माननीय महापौर, नगर पालिक निगम धमतरी।
02. माननीय अध्यक्ष (स्पीकर), नगर पालिक निगम धमतरी।
03. आयुक्त महोदय, नगर पालिक निगम, धमतरी।
04. प्रभारी सदस्य, आवास पर्यावरण एवं लोक निर्माण विभाग, नगर पालिक निगम धमतरी।
05. प्रभारी सदस्य, स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिक निगम धमतरी।
06. कार्यालय कलेक्टोरेट, जिला – धमतरी।
07. कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी, (राजस्व), धमतरी।
08. कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, धमतरी।
09. प्रेषक, नगर पालिक निगम धमतरी को सूचना फलक में चस्पा करने हेतु।
10. ग्रंथपाल, नगर पालिक निगम धमतरी को प्रकाशन पश्चात निविदा सूचना का पेपर कतरन प्रस्तुत करने हेतु।
11. प्रभारी, डाटा सेन्टर संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग छत्तीसगढ, अटल नगर नवा रायपुर। कृपया उक्त सूचना विभागीय वेबसाईट में अपलोड करने का कष्ट करेंगें।
12. संपादक, प्रतिनिधि, दैनिक ......नवभारत / हरिभूमि-दैनिक...... समाचार पत्र को ......2X8...... सें.मी. साईज में उपरोक्त विज्ञापन प्रकाशित किये जाने तथा प्रकाशन उपरांत विज्ञापन सहित अखबार 02 सेट में तत्काल स्वच्छ भारत मिशन शाखा में प्रस्तुत किये जाने हेतु।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम धमतरी

# कार्यालय नगर पालिक निगम धमतरी, जिला – धमतरी (छ.ग.)

*Website – www.nagarnigamdhamtari.com, Email ID – commissionerdhamtari@gmail.com, Phone/Fax No. 07722-241599*

**–:: निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक ..........78........ दिनांक 06/4/2022 के तहत स्वच्छ भारत मिशन योजनांतर्गत सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज हेत सेप्टिक टैंक सफाई हेतु सुरक्षा उपकरण सामाग्री प्रदाय कार्य के लिए नियम एवं निविदा शर्तें ::–**

01. नगर पालिक निगम धमतरी द्वारा निविदा आमंत्रण सूचना **क्रमांक** ...78... **दिनांक** 06/4/2022 तहत् विज्ञापित सामाग्रियों की आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्म जिनका आयकर विभाग एवं जी.एस.टी. में पंजीयन हो, वे ही भाग ले सकते है।

02. इच्छुक पंजीकृत फर्म को निविदा प्रपत्र क्रय के लिए स्वहस्ताक्षरित आवेदन पत्र ओरिजनल लेटर हेड में विज्ञापन में उल्लेखित निर्धारित तिथि/समयावधि में प्रस्तुत करना आवश्यक हैं। निर्धारित तिथि/समयावधि के उपरांत आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेगें। इसी प्रकार पात्र फर्म को निर्धारित तिथि/समयावधि में ही निविदा प्रपत्र विक्रय किये जायेगें।

03. निविदा प्रपत्र क्रय के लिए आवेदन पत्र **निर्धारित तिथि** 19/4/2022 **को कार्यालयीन समयावधि 5.30 बजे तक** निविदाकार को अपनी फर्म का निम्नांकित दस्तावेजों की स्व–सत्यापित प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा :–

    01. सामाग्रियों के निर्माता होने की स्थिति में फर्म का पंजीयन प्रमाण–पत्र एवं सामाग्रियां के अधिकृत विकेता होने की स्थिति में निर्माता/कम्पनी का अथारिटी लेटर।
    02. पेन कार्ड, सहित आयकर चुकता प्रमाण प्रमाण पत्र (वित्तीय वर्ष का)।
    03. नियमानुसार जी.एस.टी. में पंजीयन प्रमाण पत्र।
    04. 50.00 रूपये के नॉन ज्युडिशियल स्टाम्प पर निविदा प्रपत्र/आवेदन में आवेदक फर्म के संबंध में उल्लेखित जानकारी सत्य होने, दस्तावेज प्रमाणित होने, किसी भी विभाग की काली सूची में दर्ज या डिबार नहीं होने एवं नगर पालिक निगम धमतरी में निकटतम रिश्तेदार कार्यरत् नहीं होने की जानकारी सत्य होने का नोटरियल शपथ पत्र।

    उपरोक्त दस्तावेजों के अभाव में निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेगें और न ही निविदा प्रपत्र जारी किये जायेगें।

04. सामाग्रियों की आपूर्ति हेतु निविदा 03 लिफाफे में (निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि का एफ.डी. आर. पृथक–पृथक लिफाफे में एवं उक्त दोनों लिफाफों को एक बड़े लिफाफे में पैक कर) स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही निर्धारित तिथि **दिनांक** 27/04/2022 को समय **कार्यालयीन समयावधि 05:30 बजे** तक जमा करना होगा। अन्य रीति से एवं निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त निविदा स्वीकार्य नहीं होगा।

05. सामाग्रियों की आपूर्ति हेतु निर्धारित अमानत राशि एफ.डी.आर के रूप में निविदा के साथ जमा/प्रस्तुत करना अनिवार्य है। नकद राशि स्वीकार नहीं किया जावेगा।

06. निविदा खोलने की कार्यवाही दौरान सर्वप्रथम अमानत राशि जमा वाला लिफाफा खोला जायेगा, निर्धारित अमानत राशि जमा पाये जाने के उपरांत ही मूल निविदा (निविदा प्रपत्र) जमा वाला लिफाफा खोला जायेगा। निर्धारित अमानत राशि जमा नहीं पाये जाने पर मूल निविदा (निविदा प्रपत्र) जमा वाला लिफाफा नहीं खोला जायेगा तथा संबंधित निविदाकर्ता का जमा/प्राप्त निविदा निरस्त माना जायेगा।

07. निविदाकार/फर्म को अपनी निविदा दरें शब्दों एवं अंकों में लिखना अनिवार्य होगा। प्रस्तुत दर में काट–छाट की हुई अथवा ओव्हर राईटिंग की हुई अस्पष्ट निविदा अस्वीकार की जावेगी।

08. इच्छुक निविदाकार/फर्म को सामाग्रियों की आपूर्ति हेतु सामाग्रीवार पृथक–पृथक दरें (सेफ्टी हेल्मेट, सेफ्टी ग्लासेस, यूनिफार्म डिटेल, Annex-1 And Annex-2 हेड ग्लव्स, सेफ्टी शूस, सेफ्टी हेलमेंट एवं एल.ई.डी. लाईट, आक्सीजन सिलेण्डर मास्क, सेफ्टी हारनेस,) तथा अन्य सामाग्री प्रदाय हेतु प्रति सेट दर) राशि के आधार पर शासन को देय समस्त करों, ट्रांसपोर्टिंग आदि सहित देय होगा।

09. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।

10. निविदा/निविदा दर स्वीकृति हेतु अधिकृत पदाधिकारी **(आयुक्त, नगर पालिक निगम धमतरी)** का उपरोक्त निविदा या निर्धारित शर्तों में किसी भी प्रकार का संशोधन एवं निविदा/प्राप्त निविदा दर को बिना कारण बताये स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

11. प्राप्त निविदायें खोलने, निविदायें लिस्टिंग किये जाने के उपरांत सफल निविदाकार की जमा निविदा अमानत राशि/एफ.डी.आर. को छोड़कर शेष निविदाकारों की जमा अमानत राशि/एफ.डी.आर. वापस/रिलीज कर दी जायेगी। सफल निविदाकार की जमा अमानत राशि/एफ.डी.आर. संतोषप्रद ढ़ग से सामाग्रियों की आपूर्ति/कार्य सम्पादन उपरांत नियमानुसार वापसी योग्य होगी।

12. निविदा दर की स्वीकृति उपरांत जारी कार्यालयीन सूचना अनुसार सफल निविदाकार को निर्धारित समयावधि के भीतर अनिवार्य रूप से 100.00 रूपये के नॉन ज्युडिशियल स्टेम्प पेपर में कार्यानुबंध निष्पादन करना होगा। निर्धारित समयावधि में अनुबंध निष्पादन नहीं करने की स्थिति में सामाग्रियों की आपूर्ति हेतु सफल निविदाकार/फर्म की जमा अमानत राशि राजसात कर सामाग्री की आपूर्ति हेतु नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

13. अनुबंध उपरांत सामाग्रियों की आवश्यकतानुसार कार्यादेश जारी किया जायेगा। कार्यादेश जारी किये जाने पर वांछित सामाग्रियों (वर्दी – निर्धारित कलर में मिशन क्लीन सिटी के Logo से युक्त) की आपूर्ति अनुमोदित सेम्पल, निर्धारित मापदण्ड/गुणवत्ता के अनुरूप एवं निर्धारित समयावधि के भीतर करना होगा। अन्यथा स्थिति में सफल निविदाकार/अधिकृत फर्म की जमा निविदा अमानत राशि/एफ.डी.आर. राजसात कर, स्वीकृत दर पर सामाग्रियों की आपूर्ति हेतु नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

14. वांछित सामाग्रियों के अनुमोदित सेम्पल, निर्धारित मापदण्ड/गुणवत्ता के विपरीत प्रदायित सामाग्री स्वीकार्य नहीं होगा और न ही उसका देयक भुगतान किया जायेगा।

15. प्रदायित सामाग्रियों का देयक भुगतान राशि की उपलब्धता अनुसार किया जायेगा। प्रदायित सामाग्री/कार्य के देयक से 05 प्रतिशत राशि रोकी जाकर/कटौती कर भुगतान की जायेगी, जो कि सामाग्री प्रदाय की तिथि से 03 माह की अवधि समाप्ति उपरांत नियमानुसार वापसी योग्य होगी।

16. विज्ञापित सामाग्री की मात्रा, अनुमानित लागत में कमी या वृद्धि की जा सकती है।

17. निविदा/सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में विवाद के निराकरण हेतु **आयुक्त, नगर पालिक निगम धमतरी** का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

**(आयुक्त महोदय द्वारा अनुमोदित)**

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम धमतरी**